हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 7 अगस्त 2026

06 मेदांता फाउंडेशन कराएगा चिन्हित...

09 औद्योगिक क्षेत्र गहरी खाईयों में तब्दील मुरम माफिया दिन रात कर...

समाचार संक्षेप

प्रतिबंधित पॉलीथिन बाजार में बिक रही जोरों से, अधिकारी नहीं कर रहे जांच

आरोन। शासकीय प्रतिबंध के बावजूद नगर में प्रतिबंधित पॉलीथिन धड़ल्ले से बिक रही,साथ ही होटल व चाट सेंटर्स पर अखबार में खाद्य सामग्री दी जा रही जोकि प्रतिबंधित है,नियम विरुद्ध है। अतः जांच कर सख्त कार्यवाही की आवश्यकता है, चूंकि पॉलीथिन से पर्यावरण प्रदूषित होता है व जानवर खाकर बीमार हो जाते हैं, अखबार से बैक्टीरिया ब स्याही रसायन से बीमारी फैलती है अतः सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कार्यवाही की मांग की है,मुख्यतः भानु अपरिंग,भोलू बैरागी,अभिषेक रघुवंशी,रामस्वरूप शर्मा,महेश साहू,रामवीर रघुवंशी,धर्मेंद्र सिसोदिया आदि ने प्रशासन के सुस्त रवैये से एतराज दिखाया है।

पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को इंदौर से किया दस्तयाब

गुना। जिले की मधुसूदनगढ़ थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग बालिका को इंदौर से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजन से मिलाया है। जानकारी के अनुसार 13 मार्च 26 को एक महिला द्वारा अपनी 16 वर्षीय नाबालिग भतीजी के 9 मार्च 26 से लापता होने की सूचना मधुसूदनगढ़ थाने में दर्ज कराई गई थी । शिकायत के आधार पर मधुसूदनगढ़ थाने में अपराध क्रमांक 33/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर पुलिस द्वारा बालिका की तलाश प्रारंभ की गई । मामले में अब जाकर पुलिस को बालिका के इंदौर में होने की जानकारी मिलने पर मधुसूदनगढ़ थाने से पुलिस की एक टीम इंदौर पहुंची। यहां गत दिवस बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर थाने लेकर आये। जहां पर विधिवत कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से बाल कल्याण समिति अध्यक्ष डॉ. नीरू शर्मा एवं समिति सदस्यों के द्वारा आवश्यक कार्यवाही पूरी कर बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है ।

मछली पकड़ने जा रहे युवकों पर लाठी-फरसे से किया हमला

गुना। कैंट थानांतर्गत ग्राम रमपुरा के पास मछली पकडऩे जा रहे युवकों की गाड़ी रोककर आरोपियों द्वारा जानलेवा हमला और तोडफ़ोड़ करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। फरियादी देवेंद्र जाटव निवासी मोरखेड़ी म्याना की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गत सुबह देवेंद्र जाटव अपने साथी सत्येंद्र रघुवंशी, सागर रजक और शिवम चंदेल के साथ बोलेरो वाहन एमपी 08-1366 से रमपुरा के पास नदी पर जा रहे थे। तभी रास्ते में शेरू जाटव, सुनील जाटव, नरेश जाटव और मोहन सिंह जाटव ने हाथों में लाठी, डंडे और फरसा लेकर उनकी गाड़ी रोक ली। आरोपियों ने गांव में आने की बात पर अश्लील गालियां देते हुए गाड़ी के कांच और हेडलाइट्स फोड़ दिए। इसके बाद आरोपियों ने चारों युवकों को बाहर खींचकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा, जिससे सत्येंद्र और सागर के मुंह व हाथ से खून बहने लगा और अन्य दो युवकों को भी गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने गांव के अन्य लोगों को बुलाकर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ितों की रिपोर्ट पर कैंट पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

गाली देने से रोकने पर दो भाइयों पर डंडों से हमला

गुना। शहर के सिटी कोतवाली थानांतर्गत मथुरा नगर स्थित वाल्मीकि मंदिर के पास सार्वजनिक रूप से गाली-गलौज करने से मना करने पर दो भाइयों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित राहुल झावा ने बताया कि गत रात वह अपनी पत्नी के साथ घर लौट रहा था। रास्ते में आकाश लोहट और अमन लोहट आपस में गालियां दे रहे थे। जब उसने उन्हें मना किया, तो आरोपियों ने राहुल पर डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे बड़े भाई अर्जुन झावा को भी आरोपियों ने लाठियों से पीटा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई में आवेदन के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

9 वर्षों से वेतन को तरस रहे राशन वितरक 7 सेल्समैनों का 48.72 लाख बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

एक तरफ जहां शासन-प्रशासन गरीबों को राशन वितरण की योजनाओं को प्राथमिकता देने का दावा करता है, वहीं दूसरी तरफ इसी राशन को जरूरतमंदों तक पहुंचाने वाले सेल्समैन बीते नौ वर्षों से अपने हक की मजदूरी के लिए भटक रहे हैं। बमोरी तहसील की प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति फतेहगढ़ के अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर पदस्थ सात सेल्समैनों को वर्ष 2017 से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। प्रतिमाह बकाया बढ़ते-बढ़ते अब स्थिति यह हो गई है कि गरीबों के पेट भरने वाले ये कर्मचारी खुद राशन और दवा के लिए मोहताज हो गए हैं।

हर कर्मचारी का करीब सात लाख बकाया, आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवारः शिकायतकर्ता रूपेश शर्मा, अनिल मीणा और अरविंद किरार सहित अन्य कर्मचारियों,जो करखेड़ा, अजरौड़ा, रामनगर आदि दुकानों पर सेवाएं दे रहे हैं ने बताया कि वे लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। 6 हजार रुपये प्रतिमाह के निर्धारित मानदेय के आधार पर प्रत्येक सेल्समैन का करीब 6 लाख 96 हजार रुपये का बकाया बन चुका है। इस तरह सातों वितरकों की कुल बकाया राशि 48 लाख 72 हजार रुपये पर पहुंच गई है। बीते नौ वर्षों से मानदेय न मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने घर चलाने, बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाने और बुजुर्गों के इलाज की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।

सीएम हेल्पलाइन से लेकर कलेक्टर तक लगाई गुहार, नहीं हुआ समाधानः पीड़ित कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने हर स्तर पर अपनी बात रखी। स्थानीय स्तर पर सुनवाई न होने पर सीएम हेल्पलाइन (शिकायत क्र. 39581505) पर मामला दर्ज कराया गया। इसके बाद भी कोई समाधान न निकलने पर गत महीने जिला कलेक्टर और 21 जुलाई 26 को उपायुक्त सहकारिता कार्यालय में भी लिखित आवेदन देकर गुहार लगाई गई। इसके बावजूद अभी तक न तो किसी अधिकारी ने जांच की और न ही बकाए का भुगतान हो सका है। पीड़ित सेल्समैनों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि अब उनके सब्र का बांध टूट रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से अविलंब बकाया राशि जारी करवाने, मानदेय अटकाने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई करने और भविष्य में नियमित वेतन सुनिश्चित करने की मांग की है।

दर्दनाक हादसाः अज्ञात वाहन ने पैदल राहगीर को रौंदा,मौत

राघौगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली जंजाली पुलिस चौकी क्षेत्र में एक भीषण सडक़ हादसा सामने आया है। बीती रात एबी रोड पर मनुराज ढाबे के पास एक अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पैदल जा रहे एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। इस गंभीर हादसे में 45 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सूचनाकर्ता लेखराज लोधा निवासी ग्राम आवन ने साड़ा अस्पताल राघौगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि गत रात करीब 8:45 बजे वे मनुराज ढाबे के पास मौजूद थे। उसी दौरान आवन की तरफ से एबी रोड पर पैदल आ रहे कल्याण सिंह झाला (45) पुत्र रघुराज सिंह झाला निवासी गंगापुर पठार, आवन को एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। अंधेरा होने के कारण वाहन का नंबर नहीं देखा जा सका। टक्कर इतनी भीषण थी कि कल्याण सिंह के चेहरे, मुंह, नाक और आंख के पास गंभीर चोटें आईं और अत्यधिक खून बहने लगा। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें एम्बुलेंस द्वारा साड़ा अस्पताल राघौगढ़ ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने फरियादी की सूचना पर मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

फर्जी पहचान बताकर लगाया चूना, मामला दर्ज

शेयर बाजार और मुनाफा कमाने के नाम पर 2.25 लाख की साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी का एक नया मामला सामने आया है, जहां एक युवक को अपनी पहचान छुपाकर अज्ञात आरोपी ने लाखों रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित विक्रम राजौरिया पुत्र राजेश राजौरिया ने कैंट थाने में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने धोखे से स्वयं को कोई अन्य व्यक्ति बताकर उनसे संपर्क किया। आरोपी ने झांसा देकर और छलपूर्वक उनसे कुल 2,25,700 रुपये की राशि ऑनलाइन ट्रांसफर करवा ली। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने कैंट पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने विक्रम राजौरिया की शिकायत पर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। साइबर सेल की मदद से आरोपी के बैंक खातों व मोबाइल नंबरों को ट्रेस कर मामले को जांच में लेकर पूछताछ कर रही है।

कच्ची शराब के साथ दो पारदी महिलाएं गिरफ्तार

शहर की सिटी कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर हरिपुर रोड स्थित पुल के पास झाड़ियों में दबिश देकर दो महिलाओं को अवैध कच्ची शराब के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 60 लीटर हाथभट्टी की बनी कच्ची शराब जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 9 हजार रुपये आंकी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि दो महिलाएं हरिपुर रोड पुल के नीचे झाडय़ों में प्लास्टिक की केनों में शराब रखकर ग्राहक का इंतजार कर रही हैं। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी की। पुलिस को आता देख गोद में बच्चा लिए महिला और उसकी साथी ने भागने का प्रयास किया, जिन्हें महिला आरक्षक की मदद से पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम संध्या पारदी और रामेश्वरी पारदी निवासी ग्राम कनेरा थाना धरनावदा बताए। प्लास्टिक की दो केनों को चेक करने पर उसमें 30-30 लीटर जहरीली कच्ची शराब भरी पाई गई।

राघौगढ़ में नल-जल योजना के स्मार्ट मीटर चुराने वाली गैंग सक्रिय

वार्ड 2 और 4 से देर रात दो मीटर चोरी नागरिकों में फूटा आक्रोश, पकड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नगर पालिका राघौगढ़ द्वारा शहर में जलापूर्ति की निगरानी के लिए लगाए जा रहे अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर अब चोर गिरोह के आसान निशाने पर आ गए हैं। राघौगढ़ नगर में देर रात बेखौफ चोरों ने नल-जल सप्लाई के दो स्मार्ट मीटर उखाड़ लिए और रफूचक्कर हो गए। लगातार हो रही इन चोरियों से स्थानीय निवासियों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहरा असंतोष व्यापत है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, 6 अगस्त की तडक़े लगभग 3:17 बजे अज्ञात चोरों ने वार्ड क्रमांक-4 स्थित प्रसिद्ध नरसिंह मंदिर के समीप और वार्ड क्रमांक-2 के कटरा मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर छतरी के पास लगे सरकारी स्मार्ट मीटरों पर हाथ साफ कर दिया। ये उपकरण नगर पालिका द्वारा जलापूर्ति की खपत का सटीक आकलन करने के लिए स्थापित किए गए थे। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पूर्व में भी वार्ड 1 से इसी प्रकार मीटर चोरी हो चुके हैं, लेकिन पुलिस व प्रशासन द्वारा ठोस कदम न उठाए जाने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। रहवासियों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों को गिरफ्तार कर कड़ा संज्ञान लेने की पुरजोर मांग की है।



सूने मकान का ताला तोड़कर आभूषण और नकदी पर किया हाथसाफ

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम भौरा में दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। पीड़ित दंपति जब बाजार गए हुए थे, तभी अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए ताला तोडक़र सोने-चांदी के आभूषण और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम भौरा निवासी माखन सिंह रजक (40) अपनी पत्नी रेखाबाई के साथ दोपहर करीब 12:40 बजे बाजार करने आरोन आए थे। शाम लगभग 5 बजे जब वे वापस घर पहुंचे, तो देखा कि उनके मकान के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ पड़ा था। अंदर जाकर देखने पर कमरे में रखी अलमारी का सामान अस्त-व्यस्त मिला।

अलमारी में रखी एक सोने की अंगूठी, दो चांदी के सिक्के और 50 हजार रुपये नगद गायब थे। फरियादी ने अपने स्तर पर चोरों की काफी तलाश और पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर उन्होंने आरोन थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

विद्यार्थियों के लिए छात्रावासों में ई-लाइब्रेरी की सुविधा शुरू

गुना। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासन द्वारा गुना जिले के अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य विभाग के माध्यम से जिले में खंड स्तरीय एवं जिला स्तरीय उत्कृष्ट छात्रावासों में ई-लाइब्रेरी की सुविधा शुरू की गई है। इस पहल से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लगभग 600 छात्रावासी छात्र-छात्राओं को आधुनिक अध्ययन संसाधनों का लाभ मिलेगा। ई-लाइब्रेरी की स्थापना नीति आयोग के सहयोग से की गई है। ई-लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर, टैबलेट, ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर, अध्ययन टेबल, कुर्सियां तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके साथ ही संघ लोक सेवा आयोग (**UPSC**), मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (**MPPSC**), कर्मचारी चयन आयोग (**SSC**), बैंकिंग, रेलवे तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उपयोगी पुस्तकें एवं डिजिटल अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिए मूंगफली दाना और दालों के सैंपल

गुना। खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला गुना के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा मिलावट के विरूद्ध अभियान के अंतर्गत खाद्य प्रतिष्ठानों की जाँच एवं फूड सैंपलिंग की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने प्राप्त शिकायत के आधार पर शिवनारायण रतनलाल सुर्जन पंसारी सदर बाजार गुना से तुअर दाल एवं मूँगफली दाना के सैम्पल जब्त कर जाँच हेतु प्रयोगशाला को भेजे हैं, जिनकी जाँच रिपोर्ट आने पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही विभाग द्वारा इण्डस्ट्रीयल एरिया गुना स्थित सोना फ्लोरमिल से दाल एवं बेसन के सैम्पल जब्त कर फैक्ट्री परिसर में गंदगी संबंधी अनियमिताऐं पाए जाने पर फैक्ट्री संचालक को अधिनियम अन्तर्गत धारा 32 का नोटिस दिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा पूर्व में लिए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है।

मक्के से बने बायोडिग्रेडेबल बैग अपनाएं, प्लास्टिक को कहें अलविदा : कलेक्टर

पर्यावरण संरक्षण-रोजगार बढ़ाने वाली इकाइयों को करेंगे प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुरुवार को कुशमोदा स्थित जीके इंडस्ट्री का कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने निरीक्षण कर मक्के के स्टार्च से निर्मित बायोडिग्रेडेबल कैरी बैग के उत्पादन की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ऐसे उद्योग समय की आवश्यकता हैं और प्लास्टिक के विकल्प के रूप में बायोडिग्रेडेबल उत्पादों को बढ़ावा देना जरूरी है। उद्योग में मक्के के स्टार्च से निर्मित बैग लगभग 180 दिनों में प्राकृतिक रूप से नष्ट हो जाते हैं तथा पर्यावरण के लिए सुरक्षित हैं।

उत्पादन की प्रक्रिया का किया अवलोकन

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कन्याल ने रॉ-मैटेरियल यूनिट, मिक्सिंग यूनिट, कटिंग यूनिट, प्रिंटिंग यूनिट तथा पैकेजिंग यूनिट का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मशीनों के संचालन, रखरखाव एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली। साथ ही उत्पादन क्षमता, बाजार में मांग एवं आपूर्ति, विपणन व्यवस्था, प्लांट की लागत तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध रोजगार के अवसरों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस बात की सराहना की कि उत्पादन के दौरान बचने वाले मैटेरियल का पुनर्चक्रण कर दोबारा उपयोग किया जाता है।

गुना का उद्योग बना पर्यावरण संरक्षक

कलेक्टर ने कहा कि बायोडिग्रेडेबल बैग पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल हैं। उन्होंने बताया कि पहले हुई बैठकों के बाद उद्योग का उत्पादन बढ़ा है और अब इसके उत्पाद इंदौर नगर निगम क्षेत्र तक पहुंच रहे हैं। यह गुना के लिए गर्व का विषय है कि जिले का एक उद्यमी पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार भी उपलब्ध करा रहा है।

योजनाओं और सोलर प्लांट की सराहना

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उद्योग को एमएसएमई योजना के तहत प्राप्त शासकीय सहायता एवं सब्सिडी की जानकारी ली और कहा कि शासन की योजनाओं का बेहतर उपयोग कर उद्योग ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने उद्योग परिसर में स्थापित सोलर प्लांट की भी सराहना करते हुए कहा कि ऊर्जा संरक्षण और उत्पादन दोनों को साथ लेकर चलने का यह उत्कृष्ट उदाहरण है। उद्योग में प्रतिदिन तीन शिफ्टों में कार्य किया जाता है तथा स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ें बायोडिग्रेडेबल उत्पाद अपनाएं

कलेक्टर कन्याल ने जिलेवासियों से अपील की कि वे सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करें और उसकी जगह बायोडिग्रेडेबल एवं पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को अपनाएं।

उन्होंने कहा कि प्रशासन प्लास्टिक के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रहा है, इसलिए जनसहभागिता के माध्यम से भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया जाना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार मयंक तिवारी, उद्योग विभाग से अमित शर्मा, उद्योग प्रबंधन के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने ली सफाई अमले की बैठक

त्योहारों को देखते हुए शहर की स्वच्छता दुरुस्त करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेश शर्मा के निर्देश पर नगर पालिका परिषद गुना के उपयंत्री एवं प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी दीपक धाकड़ ने शहर के सभी 37 वार्डों के सफाई अमले की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उपस्थित दरोगाओं व मेटों को अपने-अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करने, दो पालियों में नियमित सफाई कराने और नालियों की सुचारू निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने कचरा गाड़ी प्रबंधन को प्रत्येक वार्ड में नियमित वाहन भेजने और वाहनों का रखरखाव ठीक रखने की ताकीद की। उन्होंने कहा कि आगामी राष्ट्रीय पर्वों और धार्मिक त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों के आसपास और कॉलोनियों में कहीं भी गंदगी जमा न होने दी जाए। साथ ही दोपहर में नियमित रूप से कचरे का निस्तारण किया जाए।

समाचार संक्षेप

राघौगढ़ में बापू मालदेव राणा की जयंती पर मेर समाज ने निकाला चल समारोह

राघौगढ़। राघौगढ़ के मुख्य चौराहे पर मेऱ समाज द्वारा बापू मालदेव राणा की जयंती का भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसका स्वागत सर्व समाज हिन्दू संगठन राघौगढ़ द्वारा फूल माला और साफा एवं पट्टीकायें पहना कर किया गया, जिसमें हिन्दू समाज के गोलू गुर्जर, बृजमोहन अग्रवाल, बनबारी सोनी, राजेश माहेश्वरी, राजकुमार अग्रवाल, राजू पटवा,डॉ राकेश सैनी एवं हिन्दू समाज के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

प्रवचन माला: वर्तमान में शिक्षा का एकमात्र उद्देश्य पैसा कमाना हो गया है : मुनिश्री

राघौगढ़ । ससंघ चातुर्मास कर रहे ओजस्वी वक्ता बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने श्रमण धारा प्रवचन माला में शिक्षा में अध्यात्मिक विषय पर मंगल प्रवचन करते हुए कहा भारतीय शिक्षा पद्धति से 6 उद्देश्यों की पूर्ति होती है। ज्ञानार्जन करना, जीने की कला सीखना, जीविकोपार्जन अथवा धन कमाना, नैतिकता सीखना, चरित्र का निर्माण करना और अध्यात्म की शिक्षा प्राप्त करना। आपने उदाहरण देते हुए कहा दूध से घी बनाने के लिए पहले दूध, दही,छाछ,पनीर , फिर मक्खन इसके बाद घी बनता है। विदेश में दूध की यात्रा मक्खन तक है। विदेश में घी नहीं बनाया जाता है। इसी प्रकार विदेश में शिक्षा के माध्यम से ज्ञानार्जन जीने की कला, जीविकोपार्जन नैतिकता और चरित्र निर्माण तक यह यात्रा रुक जाती है। विदेशी शिक्षा में अध्यात्म का कहीं उल्लेख नहीं है। विदेश में भी नहीं बनाकर मात्र मक्खन की टिकिया का उपयोग किया जाता है। इस प्रकार विदेशों में अध्यात्म की गंध कहीं नहीं है। हमारा दुर्भाग्य है कि भारत में भी विदेशी शिक्षा का फैलाव जोर-जोर से हो गया है। विदेशी शिक्षा पद्धति को अपनाकर भारत में भी नई पीढ़ी अध्यात्म से विमुख होती जा रही है। मुनिराज ने प्रेरणा जी की लौकिक शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को अध्यात्म की शिक्षा भी देना जरूरी है तब ही भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों की रक्षा होगी। अपने अंत में कहा कहावत है सुबह का भूला अगर शाम को वापस आ जाए तो उसे भूला नहीं कहते हैं।

एचआईवी, टीबी- हेपेटाइटिस की रोकथाम को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

गुना। जिला स्तर पर नवीन सीएमएचओ कार्यालय के मीटिंग हॉल में 50 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का एचआईवी/एड्स, एसटीआई, टीबी एवं वायरल हेपेटाइटिस विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन जिला नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग जैन के निर्देशन में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विपिन सक्सेना ने टीबी एवं एचआईवी के लक्षणों, बचाव एवं समय पर जांच के महत्व पर जानकारी दी। एचआईवी परामर्शदाता श्री लाल सिंह धाकड़ ने एचआईवी संक्रमण के कारण, बचाव एवं जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। एसटीआई परामर्शदाता सचिन्द्र भार्गव ने पॉवरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से एचआईवी, एसटीआई एवं टीबी की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सतेंद्र रघुवंशी ने हेपेटाइटिस-बी एवं हेपेटाइटिस-सी की रोकथाम, जांच एवं उपचार पर प्रकाश डाला। जिला नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग जैन ने एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी एवं सिफलिस के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए मेगा रक्तदान व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

मेदांता फाउंडेशन कराएगा चिन्हित बच्चों के मुंबई में निःशुल्क ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे बच्चों की मदद के लिए जिला चिकित्सालय स्थित रेडक्रॉस भवन में एक विशाल रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर की सबसे खास बात यह रही कि मेदांता हॉस्पिटल से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा चिन्हित किए गए बच्चों के निःशुल्क ऑपरेशन मुंबई स्थित मेदांता हॉस्पिटल में कराए जाएंगे।

अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया शुभारंभ

शिविर का औपचारिक उद्घाटन रेडक्रॉस सोसायटी के राज्य सचिव रामेंद्र सिंह, आरएसएस के क्षेत्र कार्यवाह अशोक अग्रवाल और कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर नर्मदा शंकर भार्गव, डॉ. भूपेंद्र धाकरे, आशीष मंगल तथा मेदांता फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंचासीन रहे। रेडक्रॉस के जिला सचिव डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की, वहीं प्रदेश सचिव रामेंद्र सिंह ने राज्यभर में चल रही मानवीय गतिविधियों की जानकारी साझा की। आरएसएस के क्षेत्र कार्यवाह अशोक अग्रवाल ने रेडक्रॉस और मेदांता फाउंडेशन के इस साझा प्रयास की सराहना की।

110 से अधिक बच्चों का हुआ पंजीयन

शिविर शुरू होते ही रेडक्रॉस सदस्यों, स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों और नियमित रक्तदाताओं सहित आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दूसरी ओर, मेदांता के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम 3 से 12 वर्ष तक के थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण और विभिन्न निःशुल्क जांचें करने में जुटी रही। आवश्यकतानुसार कई बच्चों को मौके पर ही रक्त भी चढ़ाया गया।

अन्य जिलों से भी पहुंचे पीड़ित मरीज

इस दौरान एक सैकड़ा से अधिक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे अपने परिजनों के साथ शिविर में पहुंचे। इस आयोजन में न केवल गुना जिले से, बल्कि पड़ोसी जिलों अशोकनगर और शिवपुरी से भी मरीज पहुंचे। बाहर से आए बच्चों और उनके अभिभावकों के रहने-खाने की संपूर्ण व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से स्थानीय मानस भवन में की गई।

निःशुल्क नेत्र एवं दंत रोग जांच शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में, राम शरणम संस्थान एवं समस्त पत्रकार गण के सहयोग से स्वर्गीय भगवान स्वरूप शर्मा की पुण्य स्मृति में पत्रकार भवन, रजिस्ट्रार कार्यालय के पास विशाल निःशुल्क नेत्र जाँच, मोतियाबिंद जाँच एवं दंत रोग जाँच शिविर का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में मरीज पहुँचे और विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया।कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय भगवान स्वरूप जी शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात सद्गुरु महाराज जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जनसेवा का संकल्प लिया। राम शरणम संस्थान एवं समस्त पत्रकार गण द्वारा शिविर में पधारे सभी चिकित्सकों, अतिथियों एवं सहयोगियों का माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया शिविर में नेत्र एवं दंत रोग विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की निःशुल्क जाँच की गई। मरीजों की आँखों की सम्पूर्ण जाँच, मोतियाबिंद की पहचान, रक्तचाप (बीपी) एवं शुगर की जाँच के साथ दंत रोगों का परीक्षण एवं परामर्श दिया। दंत चिकित्सकों ने दाँतों की सड़न, मसूड़ों की सूजन तथा दाँतों की नियमित देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उचित उपचार के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।शिविर में बीनागंज के नेत्र सहायक सोनू शर्मा, दंत चिकित्सक डॉ. आशु शर्मा एवं डॉ. हिमांशु शर्मा ने अपनी सेवाएँ देते हुए मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया।

छात्रों ने निबंध व पोस्टर पर कलाकृति बनाकर नशा मुक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

चाचौड़ा शासकीय महाविद्यालय चांचौड़ा बीनागंज में उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आरपी मीना के निर्देशन में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। छात्रों द्वारा निबंध लेखन और पोस्टर पर कलाकृति बनाकर नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित किया गया। महाविद्यालय में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में नशा मुक्त भारत पर प्रतियोगिता आयोजन में राजेश बाई गुर्जर प्रथम, अमित प्रजापति द्वितीय एवं राजनंदिनी अहिरवार और राहुल अहिरवार संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में शिवानी अहिरवार प्रथम, संजना अहिरवारद्वितीय एवं सलोनी अहिरवार और राजनंदिनी अहिरवार ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ. मंजू शर्मा एवं डॉ. रीतू राजपूत का विशेष योगदान रहा।

संवाद योजना: राघौगढ़ में प्रस्फुटन समितियों को दिया प्रशिक्षण

ग्राम विकास और जनभागीदारी की ओर एक नया कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में राघौगढ़ विकासखंड के महाविद्यालय परिसर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन 'संवाद योजना' के अंतर्गत प्रस्फुटन समिति (शक्ति संचय कार्यक्रम) की विकासखंड स्तरीय मासिक बैठक और सह-प्रशिक्षण पर केंद्रित था। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन-अर्चन और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसके पश्चात अतिथियों का पारंपरिक रूप से आत्मीय स्वागत हुआ।जिला समन्वयक, मंजूषा सेलोमन म.प्र. जन अभियान परिषद ने सभी प्रस्फुटन समितियों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समितियों के गठन के मूल उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि, ₹ये समितियां सरकार और जनता के बीच एक मजबूत सेतु (पुल) का कार्य करती हैं।₹ इसके साथ ही उन्होंने मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी अभियानों की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। विकासखंड समन्वयक लोकेंद्र सिंहने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने जन अभियान परिषद की मूल अवधारणा, इसके तीन प्रमुख स्तंभों स्वैच्छिकता, सामूहिकता और स्वावलंबन तथा 'नवांकुर योजना' के तहत ग्रामीण विकास में जनभागीदारी के महत्व को विस्तार से समझाया। प्रशिक्षण के मुख्य विषय और आगामी अभियानबैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जाने वाले विभिन्न अभियानों पर चर्चा की गई और इन्हें ग्राम स्तर पर आयोजित करने का निर्देश दिया गया। इनमें प्रमुख रूप से हर घर तिरंगा यात्रा, नवांकुर सखी कलश यात्रा स्वैच्छिकता पर्व, नशा मुक्त भारत अभियान, हरियाली अमावस्या, 'एक पेड़ मां के नाम' वायुदूत एप पर फोटो अपलोड करना अभियान शामिल थे। कार्यक्रम में अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य माया परस्ते द्वारा समितियों को स्वैच्छिकता के विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया डा. बी.कें मीणा द्वारा व्यक्तित्व विकास पर प्रकाश डाला प्रो. पूनम नामदेव द्वारा बताया कि एन एस एस के तर्ज पर पसमितियों के द्वारा किये जाने वाले कार्यों की सराहना की।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरुकता कार्यक्रम हुआ

अशोकनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर द्वारा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में एवं सचिव मनीष अनुरागी निर्देशन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झीला में गुरूवार को विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा, पीएलबी नवल सिंह भदोरिया एवं जसवंत सिंह परमार की उपस्थिति में विद्यार्थियों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क विधिक सहायता, राष्ट्रीय लोक अदालत, मध्यस्थता, महिला एवं बाल अधिकार, बाल विवाह निषेध, साइबर अपराध से बचाव, नशामुक्ति, पॉक्सो अधिनियम, घरेलू हिंसा से संरक्षण, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार तथा नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को कानून के प्रति जागरूक रहकर अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों का पालन करने तथा किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के उद्देश्य से ग्राम झीला में लगभग 200 पौधों का वृक्षारोपण भी किया गया। उपस्थित सभी विद्यार्थियों व ग्राम वासियों से लगाए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने संकल्प दिलाया।

सृजन संवाद कार्यक्रम का अशोकनगर में शुभारंभ

पुलिस एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल से विद्यार्थियों में विकसित होगी विधिक जागरुकता, उत्तरदायित्व और सुरक्षा बोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

विद्यार्थियों में विधिक जागरूकता, उत्तरदायी नागरिकता, सुरक्षा बोध एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से संचालित सृजन संवाद कार्यक्रम का आज अशोकनगर जिले में पुलिस एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला से हुआ, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यशाला में अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन का एक महत्वपूर्ण पायलट प्रोजेक्ट है, जिसे प्रदेश के सभी जिलों में चयनित शासकीय, पीएमश्री एवं संदीपनी विद्यालयों में संचालित किया जाएगा।पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि कानून, संविधान, साइबर सुरक्षा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भी समुचित जानकारी होना आवश्यक है। सृजन संवाद कार्यक्रम विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार एवं संवेदनशील नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस एवं शिक्षा विभाग के समन्वित प्रयासों से विद्यार्थियों में कानून के प्रति सम्मान, सुरक्षा के प्रति सजगता तथा समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित होगी।

कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के चयनित विद्यालयों की कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए नियमित जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक सत्र में लगभग 100 विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा। विद्यार्थियों को भारतीय संविधान, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, बाल अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति, गुड टच-बैड टच, डिजिटल सुरक्षा तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पुलिस एवं शिक्षा विभाग के प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा जानकारी प्रदान की जाएगी।

कार्यशाला के दौरान विद्यालयों में कार्यक्रम के प्रभावी संचालन, विद्यार्थियों तक अधिकतम जागरूकता पहुँचाने तथा पुलिस एवं शिक्षा विभाग के बेहतर समन्वय से गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम के लिए दोनों विभागों के ट्रेनर ऑफ ट्रेनर्स भी तैयार किए गए हैं, जो विद्यालयों में नियमित रूप से संवादात्मक एवं सहभागितापूर्ण सत्र आयोजित करेंगे। उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने इस पहल को विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, कानूनी समझ एवं सामाजिक चेतना विकसित करने का प्रभावी माध्यम बताते हुए इसके सफल संचालन का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत सांदीपनी विद्यालय, अशोकनगर के विद्यार्थियों को थाना कोतवाली एवं थाना देहात का भ्रमण भी कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली, थाना स्तर पर होने वाले विभिन्न प्रशासनिक एवं विधिक कार्यों,आपातकालीन पुलिस सेवाओं तथा आमजन की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

छात्र छात्राओं ने कई प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासा जताई

इस दौरान विद्यार्थियों ने डायल 112 कैसे काम करती है, थाने पर शिकायत कैसे की जाती है इत्यादि प्रश्न किये, संबंधित अधिकारियों ने विद्यार्थियों की सभी प्रश्नों के उत्तर दिये। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में पुलिस के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, कानून के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना तथा पुलिस एवं समाज के मध्य विश्वास एवं संवाद को और सुदृढ़ बनाना रहा।

पर्यटन ग्राम घोषित होने से ग्रामीण पर्यटन को मिलेगी नई गति, रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे

इतिहास और आस्था का संगम कदवाया बनेगा पर्यटन की नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध ग्राम कदवाया को मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन ग्राम घोषित किया गया है। इसके साथ ही कदवाया, अशोकनगर जिले का चौथा पर्यटन ग्राम बन गया है। इससे पहले चंदेरी विकासखंड के प्राणपुर, विक्रमपुर एवं नानोन ग्रामों को पर्यटन ग्राम का दर्जा मिल चुका है।

पर्यटन ग्राम योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाता है। पर्यटकों के ठहरने की व्यवस्था के लिए स्थानीय परिवारों को होम-स्टे निर्माण हेतु दो लाख रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जाता है। जिले के पहले से घोषित तीन पर्यटन ग्रामों में 11 होम-स्टे तैयार हो चुके हैं, जबकि 6 होम-स्टे निर्माणाधीन हैं। अब कदवाया में भी इस योजना के माध्यम से पर्यटन सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में अशोकनगर जिले में पर्यटन विकास को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। स्थानीय पर्यटन गाइडों का प्रशिक्षण, पर्यटन स्थलों के विकास, अशोकनगर पर्यटन वेबसाइट का विस्तार तथा ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें की गई हैं। जिला प्रशासन की प्राथमिकता जिले की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को पर्यटन से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। इसी दिशा में कई अन्य विकास कार्य भी प्रक्रियाधीन हैं। जिले में इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में परियोजना प्रबंधक दीपक दुबे की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके समन्वय में ग्रामीण पर्यटन को सुदृढ़ बनाने तथा स्थानीय सहभागिता बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

कदवाया को होम स्टे बनने से मिलेगा पर्यटन को बढ़ावा

कदवाया अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और पुरातात्विक विरासत के कारण प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थलों में गिना जाता है। यहाँ 9वीं-10वीं शताब्दी के प्राचीन मठ एवं मंदिर, उत्कृष्ट मूर्तिकला तथा स्थापत्य कला आज भी सुरक्षित हैं। वहीं बीजासन देवी मंदिर में प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँचते हैं। इतिहास, संस्कृति और धार्मिक आस्था का यह अद्भुत संगम कदवाया को भविष्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों में स्थापित करने की पूरी क्षमता रखता है, कदवाया के पर्यटन ग्राम बनने से जिले के पर्यटन को निश्चित रूप से नई गति मिलेगी। अब हमारा उद्देश्य ग्राम में होम-स्टे विकसित करने के साथ-साथ पर्यटन से जुड़ी अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देना है, ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिले और कदवाया एक आदर्श ग्रामीण पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो सके।"

अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सकता है

कदवाया की प्राचीनता 9वी और 10वी शताब्दी की पर्यटन ग्राम का दर्जा कदवाया के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि कदवाया ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। यहाँ की प्राचीन मठ परंपरा, 9वीं-10वीं शताब्दी के मंदिर, आकर्षक मूर्तिकला, उत्कृष्ट स्थापत्य कला तथा बीजासन देवी मंदिर पर्यटन की अपार संभावनाओं को मजबूत आधार प्रदान करते हैं। योजनाबद्ध विकास और बेहतर पर्यटन सुविधाओं के साथ कदवाया भविष्य में राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सकता है।

हेमन्त दुवे पुरातत्वविद

सर्पदंश पर झाड़ फूंक में न पड़ें अस्पताल जाकर इलाज करवाएं: डॉ पहेलिया

पिपरई। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर एक वृद्ध सर्प दंश से पीड़ति मरीज को समय पर स्वस्थ लाभ मिलने से वह बिल्कुल स्वस्थ हैं। घटना करतार नायक उम्र 60 बर्ष निवासी मढ़ी चंदेरी अपने खेत पर कृषि का कार्य कर रहा था। तभी उसको सर्प ने काट लिया इसकी जानकर उसने अपने परिवार को बताई परिवार बाले घबरा गए। बिना देर करे पिपरई सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर इलाज के लिए ले कर आए।

डॉ आशीष पलेरिया मेडिकल ऑफिसर अपने स्टाफ स्टाफ नर्स सरिता मनकर ,कपिल यादव,घनश्याम प्रजापति के साथ मरीज का इलाज प्रारंभ किया। उसके स्वस्थ पर नजर रखे रहे, उस मरीज को स्वास्थ्य केंद्र पर 18 घंटे तक रखे रखा।तब देखा कि यह खतरे से बिल्कुल बाहर हैं। तब उनको घर भेजा। डॉ पहेलिया ने कहा कि कोई को भी अगर जहरीला जानवर काट ले तो घबराना नहीं है, और उसको जल्दी से जल्दी उपचार के लिए अस्पताल ले कर आएं।कई लोग ऐसे मरीजों को अस्पताल न लाकर झाड़ा फूंकी के चक्कर में लग जाते हैं। जब तक मरीज के पूरे शरीर में जहर फैल जाता है। तब तक बहुत देर हो जाती है।इसलिए सभी को इस बात का ध्यान रखे सरकारी अस्पताल में इसका इलाज संभव हे। ऐसे में को झाड फूंकी में न रहकर समय पर मरीज को अस्पताल लेकर आएं।

खबर संक्षेप

दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम छितरी निवासी निशा कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गीलारोपा ससुराल निवासी देवेन्द्र गंगाराम, कृष्णावाई और चाइना कटारिया ने दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया और उससे मारपीट की। जिस पर से पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया है।

अज्ञात चोर बाईक चोरी कर ले गए

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत अरबाज खान निवासी फतेहाबाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर के बाहर से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गए। बाईक का नंबर एमपी 67 जेडी 8147 है, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

चोर मंदिर से चांदी का मुकुट व चौकीदार का मोबाइल ले गए

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत त्रिलोकपुर कॉलोनी निवासी राजेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कलेक्ट्रेट के पीछे मंनसापूर्ण हनुमान मंदिर से कुलदीप यादव पुत्र देवेन्द्र यादव निवासी पछाड़ीखेडा तुलसी सरोवर पार्क हनुमान जी द्वारा पहने हुए चांदी के मुकुट और चैकीदार का रेडमी कंपनी का मोबाइल चोरी कर ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत फुटेरा निवासी जयसिंह आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मुकेश आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत बमनाई सोनेरा निवासी महेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोविन्द्र सिंह रघुवंशी और विनोद रघुवंशी ने उससे मारपीट की और शासकीय कार्य में बाधा पहुचाई। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बडेरा निवासी उत्तम सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजेन्द्र यादव, अनीता बाई, देव और आदित्य यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से अनीता यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि धनकुंवर बाई यादव,उत्तम यादव, राजाभैया और सौरभ यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत किया पौधारोपण

अशोकनगर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड चंदेरी में सेक्टर क्रमांक 4 विक्रमपुर की ग्राम विकास प्रसफुटन समिति डुंगासरा विक्रमपुर सोतर में जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान, विकासखंड समन्वय दीपक पटेरिया का भ्रमण कार्यक्रम हुआ। जिसमें प्रसफुटन बाटिका, नर्सरी जन सूचना केंद्र आदि का अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया गया। सर्वप्रथम डुंगासरा ग्राम में समिति के सदस्यों द्वारा नर्सरी सूचना केंद्र का अवलोकन किया। इसके पश्चात ग्राम विक्रमपुर में समिति के साथ बैठक की।

---

123 प्लॉटों वाले औद्योगिक क्षेत्र में 25 भू-खंडों पर ही काम जारी

औद्योगिक क्षेत्र गहरी खाईयों में तब्दील मुरम माफिया दिन रात कर रहे खुदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

12 वर्ष पहले पलकाटोरी में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए 53 हेक्टयर भूमि आंवटित की गई थी, लेकिन औद्योगिक क्षेत्र की भूमि पर अवैध उत्खनन कर खनन माफिया मुरम खोद ले गए। 123 भूखण्ड आवंटित होना थे 53 भूखण्ड ही आवंटित हो सके। 28 भूखण्डों पर समय सीमा में कार्य प्रारंभ नहीं होने से उन्हे निरस्त कर दिया गया था जिसके बाद उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के यहां अपील की है जहां से उन्हें 6 माह का समय दिया गया है। औघोगिक क्षेत्र की भूमि गहरी खाईयों में तब्दील है, अवैध उत्खनन के कारण अब शेष 70 प्लॉटों का आवंटन रोक लगा दी गई है। कुल मिलाकर यहां 25 भूखण्डों पर ही औद्योगिक इकाईयां लगने की संभावनाएं है जिनमें कुछ पर काम शुरू किया गया है।

28 भूखंड धारियों ने प्लॉटों पर कोई काम नहीं किया

उद्योग विभाग के महाप्रबंधक सत्येन्द्र लोधा ने बताया कि 53 हेक्टयर क्षेत्र में यह औद्योगिक क्षेत्र विकसित होना था, 53 भूखण्ड आवंटित होने के बाद 28 भूखण्ड धारियों ने समय पर काम शुरू नहीं किया जिसके कारण प्लॉट आंवटन की कार्यवाही निरस्त करना पड़ी। जिनके प्लॉट निरस्त किए गए हैं उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के यहां अपील की है, जहां से उन्हे 6 माह का समय दिया गया है यदि उसके बाद भी उनके द्वारा आवंटित प्लॉट पर कार्य प्रारम्भ नहीं किया जाता तब 6 माह बाद उन पर वरिष्ठ अधिकारी निर्णय लेगें। कम से कम उन लोगों को अपने आवंटित प्लॉटों पर फेंसिग कर बोर्ड लगा दिया जाना चाहिए था लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया, जिससे अशोकनगर का औद्योगिक क्षेत्र आज भी विकसित होने की दशा से कोसों दूर है, कुछ पर काम शुरू जरूर हुआ है।

50 से अधिक लघु इकाईंया लेकिन बड़ा उद्योग एक भी नहीं

अशोकनगर जिले में वैसे तो बड़े स्तर के कोई उद्योग नहीं है लेकिन छोटे स्तर के जरूर 50 से अधिक लघु इकाईंया हैं जो यहां काम कर रही है, जिनमें कृषि उपकरणों का निर्माण हो रहा है। यहां आटा और मैदा के मिल भी है, छोटे छोटे उद्योग काम कर रहे हैं लेकिन बड़े स्तर का यहां एक भी उद्योग नहीं है। बडे उद्योगों के लिए एमएसएमई प्रोत्साहन योजना शासन के द्वारा चलाई गई है जिसमें बड़े उद्योगों के लिए 40 प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है,जिसमें 10 करोड तक के उद्योग लगाए जा सकते हैं, इस तरह के उद्योग के लिए अब तक 20 लोगों ने रूचि दिखाई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना जो उद्योग सेवा और व्यापार से संबंधित योजना है जिसमें 50 हजार से 50 लाख तक के उद्योग लगाए जाते हैं जिनमें 3 प्रतिशत तक ब्याज की छूट दी जाती है। पिछले 5 साल से यह योजना चल रही है। गत वर्ष इस योजना में 80 का लक्ष्य मिला था इस बार 90 का लक्ष्य मिला है और 31 की स्वीकृति हो चुकी है।

6 स्थानों पर भी औद्योगिक क्षेत्र के लिए स्थान चिन्हित

जिले में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके लिए जिले में 6 स्थान चिहिन्त किए गए हैं, जहां औद्योगिक क्षेत्र विकसित हो सकता है। इनमें मल्हारगढ़,सेमरखेडी, मर्दनखेडी, सेमरी पिपरई, बडेरा, और ईसागढ शामिल है। औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए कम से कम 10 हेक्टयर भूमि की आवश्यकता है। अगर यह भूमि का आवंटन हो जाता है तो यहां भी औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएगें।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अशोकनगर
(सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग)
मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना

2009 से 2012 तक चलती रही प्रक्रिया ताकि औद्योगिक क्षेत्र विकसित हो सके

यह औद्योगिक क्षेत्र इस आशा से विकसित किया जा रहा था कि लघु औद्योगिक इकाईयां यहां स्थापित हो सकें, और अशोकनगर के महाजन व्यापार के साथ उद्योग के क्षेत्र में आगे आ सकें। इसीलिए जिला मुख्यालय से 2 किलोमीटर दूर पलकाटोरी क्षेत्र में लाल मुरम वाली पठार औद्योगिक क्षेत्र के लिए 2009 से 2012 तक प्रदान की गई थी। 53 हेक्टयर क्षेत्र में यह औद्योगिक इकाईया लगना थीं। यहां क्रमवार प्लॉटों का आवंटन किया जाना था कुल 123 प्लॉट यहां पर औद्योगिक क्षेत्र के लिए तय किए गए थे, जिसमें पहली बार में 33 प्लॉटों का आवंटन किया गया, दूसरी बार में 13 प्लॉटों का और तीसरी बार में 7 प्लॉटों का आवंटन किया गया। इस प्रकार कुल 53 प्लॉटों का आवंटन यहां हो पाया, 70 प्लॉटों का आवंटन आज तक नहीं हो सका। जिस जगह यह औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा था, जिससे इस बात की संभावनाएं पैदा हुई थीं कि लोगों को रोजगार मिल सकेगा और शहर के नजदीक यह क्षेत्र होने के कारण इसे विकसित होने में समय से पहले काम हो सकेगा। लेकिन 2009 से शुरू हुई यह प्रक्रिया 2012 तक प्लॉट आवंटन को लेकर चलती रही, जिन्होनें उद्योग विभाग की शर्तों के अनुसार प्लॉटों का आवंटन लिया था, उन्होंने प्लॉट लेने के बाद उस ओर नहीं देखा, उद्योग विभाग भी उस तरफ से अंजान बना रहा।

खनन माफिया रात दिन मुरम निकालकर ले गए, किसी ने रोक नहीं लगाई

इस अनदेखी का लाभ उठाते हुए खनन माफिया राजनैतिक संरक्षण में औद्योगिक क्षेत्र में मुरम निकालने के कारोबार में लगे रहे। करोड़ों रूपए की मुरम यहां से वाहनों में भर भर कर जाती रही, लेकिन कोई रोकने नहीं आया। रात भर मुरम निकालने का काम चलता रहा, इसी बीच प्रशासन सक्रिय भी हुआ और तत्कालीन कलेक्टर के कार्यकाल में सभी विभागों की एक टीम संयुक्त कार्यवाही के लिए तय की गई। इस दौरान इन खनन माफियाओं पर कार्यवाही भी हुई लेकिन तब तक आधे से अधिक औद्योगिक क्षेत्र खाईयों में बदल चुका था।

इनका कहना है

अशोकनगर शहर के नजदीक पलकाटोरी में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना 2009 से प्रारम्भ हुई थी जो 2012 तक चलती रही। 53 हेक्टयर क्षेत्र में 123 प्लॉटों का आवंटन होना था लेकिन 53 प्लॉटों का आवंटन हुआ जिन्हे प्लॉट आवंटित किए गए थे,उन्होंने अपने प्लॉटों पर तार फेंसिंग नहीं की और खनन माफियाओं को नहीं रोका, जिससे यहां भूमि की खुदाई कर लोग मुरम खोद ले गए। अभी तक यह 25 प्लॉटों पर ही काम की शुरूआत हो रही है, 28 भूखण्ड निरस्त किए गए है, जिसके बाद भूखण्ड धारी अपील में चले गए हैं। 70 प्लॉटों का आंवटन शेष था जिसके निरस्त कर दिया गया है।

सत्येन्द्र लोधा, महाप्रबंधक उद्योग विभाग जिला अशोकनगर।

दुर्गा मंदिर में शिवार्चन कर त्याग एकता का दिया संदेश

अशोकनगर। विश्व माँगल्य सभा अशोकनगर द्वारा श्रावण मास में चलाए जा रहे शिव आराधना से राष्ट्र आराधना अभियान के अंतर्गत शहर के 11 शिवालयों में शिवार्चन का संकल्प लिया गया है। इसी क्रम में 4 अगस्त को दुर्गा मंदिर भव्य रुद्राभिषेक किया गया। कार्यक्रम में पांच स्त्रोत पाठ रुद्राष्टकम शिव मानस पूजा लिंगाष्टकम शिव पंचाक्षर स्त्रोत द्वादश ज्योतिर्लिंग स्रोत एवं भगवान शिव के 108 नाम के साथ अभिषेक एवं पूजन किया गया स कार्यक्रम का संचालन एवं स्त्रोत पाठ प्रांत सहसंयोजक कविता साहू के द्वारा कराया गया उन्होंने बताया रुद्राष्टकम पाठ हमें मुसीबत मैं शिव पर भरोसा रखना शिव मानस पूजा भगवान भाव देखते हैं दिखावा नहीं मन के चंदन और मन के फूल से भी पूजा स्वीकार होती है शिव पंचाक्षर स्त्रोत हमें पांच तत्व जल अग्नि वायु आकाश पृथ्वी में संतुलन करना सीखना है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्र का संदेश है कि अलग-अलग प्रांत अलग-अलग भाषा पर सब एक ही है। यही भारत की एकता है इस कार्यक्रम की संयोजिका चंद्दा यादव एवं रसना यादव रही सभी ने विश्व कल्याण की भावना एवं राष्ट्र की सुख शांति के लिए प्रार्थना की एवं आरती एवं जय घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थिति रही तथा घर में पांच स्त्रोत पाठ का सपरिवार करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रहे प्रांत सहसंयोजका नैना शर्मा साधना शर्मा उमा दुबे राधा तोमर कविता शिंदे सरोज शर्मा गीता शर्मा विद्या शर्मा मोना साहू आरती ओझा मंजू चैहान गायत्री शर्मा बकुल त्रिपाठी वीणा व्यास भावना शर्मा चंद नायक सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

अधिकारियों ने विवादित स्थल का किया निरीक्षण

शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

चंदेरी नगर के लाल बावड़ी तिराहे पर स्थित मस्जिद परिसर में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का मामला इन दिनों सोशल मीडिया और स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुपों (जैसे चंदेरी हितार्थी) पर तेजी से तूल पकड़ रहा है। सोशल मीडिया पर छिड़ी इस बहस के बाद आखिरकार स्थानीय प्रशासन हरकत में आया और अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। गुरुवार को चंदेरी तहसीलदार दिलीप दरोगा और शहर पटवारी बालेंद्र यादव ने लाल बावड़ी तिराहा पहुंचकर विवादित स्थल का मौका मुआयना किया।

2 बीघा की जगह 10 बीघा पर मिला कब्जा

प्रशासकीय जानकारी के अनुसार,सर्वे क्रमांक 273 में मस्जिद के नाम पर शासन द्वारा तकरीबन 2 बीघा भूमि अलॉट की गई है। हालांकि,जब तहसीलदार और पटवारी ने मौके का निरीक्षण किया,तो वहां 10 बीघा से अधिक शासकीय भूमि पर कब्जा पाया गया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार दिलीप दरोगा ने मौके पर मौजूद मस्जिद कमेटी से जमीन से जुड़े वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा,लेकिन कमेटी के सदस्य मौके पर कोई भी कागजात नहीं दिखा सके।

तहसील कार्यालय में बुलाई कमेटी ने मंगा 15 दिन का समय

मौके पर कागजात न मिलने के बाद तहसीलदार ने मस्जिद कमेटी और वक्फ बोर्ड के सदस्यों को तत्काल तहसील कार्यालय तलब किया। तहसील कार्यालय में भी अधिकारियों द्वारा भूमि से संबंधित दस्तावेज मांगे गए,लेकिन वहां भी कमेटी के सदस्य कोई संतोषजनक रिकॉर्ड या कागजात पेश नहीं कर पाए। इसके बाद मस्जिद कमेटी के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से रिकॉर्ड जुटाने के लिए 15 दिन का समय मांगा है। कमेटी का कहना है कि यह जमीन सालों पुरानी है। तहसीलदार दिलीप दरोगा ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि 15 दिन की दी गई समय-सीमा के भीतर भूमि से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं,तो प्रशासन द्वारा बिना किसी रियायत के अतिक्रमण हटाने की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

चंदेरी में वर्षों से हावी है भू-माफिया और अतिक्रमण का खेल

देखा जाए तो चंदेरी शहर में शासकीय जमीनों पर अतिक्रमण का यह कोई पहला मामला नहीं है। लंबे समय से शहर में सरकारी जमीनों को घेरने का खेल बेधड़क जारी है। लोग जहां चाहते हैं, वहां अवैध कब्जा कर शासकीय संपत्ति को अपनी निजी संपत्ति की तरह इस्तेमाल करने लगते हैं। इस बार भी जब चंदेरी हितार्थी जैसे स्थानीय सोशल मीडिया ग्रुप्स पर इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया और आम जनता के बीच बहस छिड़ी,तब जाकर जिम्मेदार अधिकारियों की नींद टूटी। अब देखना यह होगा कि 15 दिन का समय पूरा होने के बाद प्रशासन इस 10 बीघा की बेशकीमती सरकारी जमीन को मुक्त कराने के लिए क्या ठोस कदम उठाता है।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एनकार्ड समिति,जिला टास्क फोर्स समिति तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर मालवीय ने निर्देश दिए कि जिले में नशे के विरूद्ध संचालित गतिविधियों,नशीले पदार्थो की अवैध बिक्री पर नियंत्रण तथा युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किये जाएं। नशे के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन में जागरूकता बढाने तथा नशामुक्ति अभियान को प्रभावी रूप से संचालित किये जाने के निर्देश दिए। जिले में गुमशुदगी के प्रकरणों की समीक्षा की गई। टास्क फोर्स समिति के अंतर्गत वन भूमि पर अतिक्रमण हटाये जाने,भारतीय वन अधिनियम के तहत अतिक्रमण संबंधी कार्यवाही किये जाने के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में नजूल परिवेश पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के निराकरण,वन विभाग भू-अर्जन समन्वयक के बिन्दुओं, सिविल सूट के प्रकरण,उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में लंबित प्रकरणों,जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने शैक्षणिक संस्थाओं एवं सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित किये जाने के निर्देश दिए।

बैठक में सड़क सुरक्षा की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि ऐसे चिन्हित स्थानों जहां पर दुर्घटना की संभावना ज्यादा रही है,वहां पर सांकेतिक बोर्ड लगवाये जाएं। स्कूलों,कॉलेज के सामने दोनो ओर सुरक्षात्मक डिवाईडर लगवाएं जाएं। ट्रेक्टरों पर रिफ्लेक्टर लगवाए जाएं। बैठक में यातायात नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन कराने,सड़क सांकेतिकों एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं की नियमित जांच तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यक प्रबंधन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अनुसूचित जाति-जनजाति के जन्म प्रमाण पत्र बनाये जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला रोड सेफ्टी कमेटी,राहवीर योजना,खाद्य पदार्थो का नमूना संग्रहण के संबंध में समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि टास्क फोर्स से संबंधित दायित्वों का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला वनमण्डाधिकारी प्रतिभा अहिरवार,अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत माधुरी पटेल,संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

ब्लॉक स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

मुंगावली। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी शर्मा के मार्गदर्शन में आज नगर के न्यू मां कान्वेंट स्कूल में ब्लॉक स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न की गई जिसमें 14 वर्ष 17 वर्ष 19 वर्ष बालक बालिकाओं ने सहभागिता कर अपने खेल का प्रदर्शन किया।

सर्वप्रथम स्कूल के संचालक दिनेश पाल एवं स्कूल प्राचार्य कुसुम पाल द्वारा सभी खिलाड़ियों को उत्साह वर्धन के लिए उनका परिचय प्राप्त किया गया वही साथ में ब्लॉक खेल अधिकारी सृष्टि हड्डियां द्वारा बच्चों को खेलों के नियम के बारे में अवगत कराया गया लगभग फुटबॉल प्रतियोगिता में ब्लॉक मुंगावली से 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया बता दी की खिलाड़ियों का चयन खेल के आधार पर किया जाएगा और यह बच्चे आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे इस प्रतियोगिता में टीएव्ही स्कूल, मां कान्वेंट स्कूल, मॉडल स्कूल, विद्या कान्वेंट बहादुरपुर, सेंट मीरा हाई स्कूल, सहित शासकीय अशासकीय विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया स प्रतियोगिता को कराने में विशेष रूप से निर्णायक की भूमिका में सचिन नदिया अशोकनगर खेल प्रशिक्षक जावेद खान, सहायक कीड़ा अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह जादौन, खेल शिक्षक ऋषि तिवारी, विनोद पाल, बृजेंद्र अहिरवार, आसिफ खान, रचना कौशल, अनुकरण मिंज का विशेष सहयोग रहा।

पुलिस ने 4 आरोपियों को हिरासत में लिया, घटना का मुख्य आरोपी अभी भी फरार

युवक की गला रेतकर की गई हत्या का हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर शहर के मंदसौर मिल क्षेत्र में 31 जुलाई की रात 10.45 बजे दिल दहला देने वाली घटना में एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पूरे शहर में दहशत का माहौल पैदा हो गया था, घटना के बाद परिवार के लोग सदमे में थे, रातभर पुलिस घटना के आरोपियों को तलाशती रही। आखिर पुलिस ने घटना से जुड़े 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, अभी भी घटना का मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। यह जघन्य हत्या पूर्व में हुई घटना को लेकर रंजिस के कारण की गई थी।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली द्वारा मंदसौर मील हत्याकांड का खुलासा करते हुये चार फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

अभिषेक उर्फ बबलू कुशवाह की गला रेतकर की गई थी हत्या

उल्लेखनीय है कि दिनांक 01 अगस्त को फरियादी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों द्वारा फरसा, बका एवं डंडों से हमला कर उसके पुत्र अभिषेक उर्फ बबलू कुशवाह उम्र 22 साल की हत्या कर दी गई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 490/2026, धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस ने विवेचना के दौरान 4 को और आरोपी बनाया

विवेचना के दौरान प्रत्यक्षदर्शी साक्षियों के कथनों के आधार पर रीना अहिरवार, मिथुन कुशवाह, जगदीश उर्फ छुट्टन कुशवाह एवं एक बाल अपचारी की संलिप्तता सामने आने पर इनके नाम प्रकरण में जोड़े गए। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे थे।

आरोपियों पर एसपी द्वारा इनाम की राशि घोषित की गई थी

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए मिथुन कुशवाह एवं कल्लू कुशवाह पर 4,000-4,000 तथा रीना अहिरवार एवं जगदीश उर्फ छुट्टन कुशवाह पर 1,000-1,000 का इनाम भी घोषित किया गया था।

पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर हथियार किए जब्त

पुलिस टीम द्वारा लगातार की गई मुखबिर तंत्र की सक्रियता एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने दिनांक 05 अगस्त को रीना अहिरवार, मिथुन कुशवाह एवं जगदीश उर्फ छुट्टन कुशवाह को गिरफ्तार किया। इसके पश्चात दिनांक 06 अगस्त 2026 को एक बाल अपचारी को भी अभिरक्षा में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद कर जप्त किए गए हैं। सभी आरोपियों को विधि अनुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रकरण का एक अन्य आरोपी कल्लू कुशवाह अभी भी फरार है।

पीएमश्री स्कूल सुठालिया में बच्चों ने खोली मध्यान्ह भोजन की पोल

सर पराठे तो पिछले साल देखे थे... अब तो दाल भी ठीक से नहीं मिलती




मध्यान्ह भोजन के लिए सरकार के बर्तन खरीदी पर करोड़ों खर्च, फिर भी बच्चे खा रहे कागज में भोजन

पीएमश्री बालक हायर सेकंडरी स्कूल में गीले फर्श पर भोजन, पास में मंडराते कुत्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा/सुठालिया

मेनू से बनने वाला भोजन भी कागजों तक सीमित

स्वच्छता की उड़ी धज्जियाँ, नियम कागजों में

बर्तन के पैसे आए, पर थाली की जगह रद्दी मिली

शिक्षा विभाग की नाक के नीचे सामने आई बड़ी लापरवाही

इनका कहना है...

गंदगी में सिसकती शिक्षा, 6 महीने से प्याऊ बंद, टॉयलेट में ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा/सुठालिया

नगर में संचालित हो रहे पीएमश्री हायर सेकंडरी स्कूल के हाल जहां पर बाहर शानदार चमचमाता हुआ बोर्ड जिस पर लिखा है पीएम श्री शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सुठालिया जो एक आकर्षण का केन्द्र तो बना हुआ है, लेकिन इसके अंदर कदम रखते ही नाक बंद करने को मजबूर कर देने वाली बदबू मिलती है। सुबह से ही 1 से 8 तक के छोटे बच्चे बदबू और गंदगी के बीच पढ़ाई करने को मजबूर हैं। इस विद्यालय में गेट से अंदर जाने वाले का बदबू के आगे जीना हराम हो जाता है। ऐसे में यहां पर देश का भविष्य शिक्षा विभाग द्वारा गढ़ा जा रहा है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से जब यहां पर संचालित हो रहे मध्यान्ह भोजन के बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि सर पराठे तो पिछले साल देखे थे... अब तो दाल भी ठीक से नसीब नहीं हो पा रही है।

ये है सुठालिया के आदर्श कहे जाने वाले स्कूल की हकीकत

हरिभूमि रिपोर्टर की ग्राउंड रिपोर्ट, सुबह 10 बजे स्कूल पहुंचे तो...गुरुवार सुबह स्कूल की पहली घंटी बज चुकी थी। मुख्य गेट खुला था, लेकिन गार्ड नहीं। परिसर में जगह-जगह प्लास्टिक, कचरा और गंदा पानी भरा था। लड़कियों के शौचालय के बाहर 'खराब है' का कागज चिपका था। पीने के पानी का प्याऊ धूल से सना, 6 महीने से बंद पड़ा था। 1 से 8 तक के बच्चे टिफिन और बोतल लेकर क्लास के बाहर लगे एकमात्र हैंडपंप से पानी भर रहे थे। इस प्रकार शासकीय स्कूलों में सरकार द्वारा सुविधाओं के नाम पर खर्च किए जा रहे करोड़ों रुपयों को माध्यम से देश का भविष्य गढ़ा जा रहा था।

कागजों में लाखों, हकीकत में कचरा

पीएम श्री योजना के तहत इस स्कूल को 2 करोड़ तक का बजट मिलना है। स्मार्ट क्लास, लैब, लाइब्रेरी के दावे हैं। लेकिन जमीनी सच...

- पेयजल' : आरओ ठप। बच्चे मटके के भरोसे।
- सफाई : 1 सफाईकर्मी, वो भी हफ्ते में 2 दिन। बाकी दिन बच्चे ही झाड़ू लगाते हैं।
- मिड-डे मील : 1 से 8 तक के बच्चों के मेन्यू में हफ्ते में 2 दिन पराठा-सब्जी है, लेकिन पिछले 1 साल से नहीं बना।

इनका कहना है

जिला पंचायत सीईओ ने नोटिस दिए हैं। बीईओ, बीआरसी, स्कूल प्रिंसिपल जन शिक्षक सभी आज शाम को उनके समक्ष प्रस्तुत होंगे।

दिलीप शर्मा
ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ब्यावरा

मिड-डे मील का सच: कक्षा 1 से 8 के बच्चों के साथ अन्याय

शासकीय स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के लिए मिड-डे मील बनता है, लेकिन जब उसकी हकीगत जानने जाओगे तो हालात बद से बदत्तर नजर आएंगे। गुरूवार को जब हमने बच्चों से पूछा - खाने में क्या मिलता है? तो पहले सब चुप। फिर एक छात्र ने कहा - सर, पराठे तो पिछले साल देखे थे... अब तो दाल भी ठीक से नहीं मिलती। खाएंगे कैसे हम ? वहीं एक छात्रा ने कहा - सर हम छोटे हैं। घर से दूर हैं। मम्मी डब्बा नहीं दे पाती। यहां प्याऊ भी बंद है, तो टॉयलेट में इतनी ज्यादा गंदगी है कि 4-5 घंटे रुके रहते हैं, पर जाते नहीं। पेट खराब हो जाता है। एक बच्चे ने सवाल किया -पीएम श्री का मतलब क्या होता है सर ? हमें तो सिर्फ पीएम श्री का झंडा दिखता है।

अभिभावक बोले: छोटे बच्चों के साथ अन्याय

स्कूल के बाहर मिले एक अभिभावक ने कहा - सुबह-सुबह बच्चे आते हैं। उन्हें तो साफ पानी और समय पर खाना मिलना चाहिए। हम गरीब हैं, इसलिए क्या हमारे बच्चों को गंदगी में पढ़ना पड़ेगा? हमें न्याय चाहिए। हमारा शिक्षा विभाग से सीधा सवाल है कि जब ''पीएम श्री'' स्कूल में सुबह से ही 1 से 8 तक के छोटे बच्चों को साफ पानी और पौष्टिक भोजन नहीं मिल रहा, तो सरकार के आदर्श स्कूल का दावा कहां गया? क्या ''पीएम श्री'' सिर्फ कागजों और फोटो तक ही सीमित रह जाएगा?

मंत्री पंवार ने कार्यकर्ताओं से की चर्चा

हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

भारतीय जनता पार्टी ब्यावरा मंडल की मासिक बैठक में हर घर तिरंगा अभियान, संत रविदास महाराज की जन्म जयंती वर्ष को लेकर विधानसभा स्तरीय यात्रा और हर बूथ पर कार्यकर्ता अपना प्रशिक्षण कार्यक्रम सहित आगामी संगठनात्मक एवं जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने सहभागिता कर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद किया तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री पंवार ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अभियान को व्यापक जनसहभागिता के साथ सफल बनाते हुए प्रत्येक घर तक तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रभक्ति का संदेश पहुंचाएं। भाजपा जिला महामंत्री देवीसिंह सौधिया ने भी संबोधित करते हुए आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ता तैयार रहे और जिम्मेदारी से हर महीने होने वाली संगठन की बैठकों में शामिल हो। बैठक के दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, उनकी तैयारियों एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही मंडल स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, जिला उपाध्यक्ष इंदरसिंह लववंशी, पूर्व जिला महामंत्री अमित शर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष जसवंत गुर्जर, नारायणसिंह सालरियाखेड़ी, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, मंडल महामंत्री सुमित सोलंकी, दीपक सामरे, प्रदेश प्रभारी गोपाल जाटव, गोपाल बादशाह, दीप कमल शर्मा, पार्षद विष्णु साहू, सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वामी परमानंद गिरि महाराज का आज नगर आगमन

ब्यावरा। श्रीराम जन्मभूमि के ट्रस्टी युगपुरुष महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद गिरि महाराज का शुक्रवार का शाम 4 बजे भोपाल बायपास स्थित अखंड परमधाम आश्रम पर नगर आगमन होगा। जहां पर उनके साथ शिष्य स्वामी ज्योतिर्मयानंद महाराज का आगमन हो रहा है। जहा पर 8 अगस्त को प्रातः 8 बजे से पादुका पूजन एवं अमृतमयी सत्संग के पश्चात महाप्रसाद का वितरण होगा। ऐसे महान संतों का सान्निध्य जीवन को नई दिशा देता है मन को शांति और आत्मा को ऊर्जा प्रदान करता है।

---

24 अगस्त को निकलने वाली बाबा वटकेश्वर महादेव की शाही सवारी की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

नगर की धार्मिक संस्था महादेव मित्र मंडल के तत्वावधान में सावन के चौथे सोमवार, 24 अगस्त को निकलने वाली बाबा वटकेश्वर महादेव की शाही सवारी की तैयारियां जोर-शोर से प्रारंभ हो गई हैं। बुधवार को गांधी चौक स्थित श्री वटकेश्वर महादेव मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बाबा को प्रथम रसीद एवं आमंत्रण पत्र अर्पित किए गए। इसके साथ ही धन संग्रह एवं आमंत्रण वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया।

मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, सवारी प्रभारी सतीश राठौर, सह प्रभारी सतीश गिरजे तथा अन्य कार्यकर्ताओं ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर एवं दुकान-दुकान पहुंचकर श्रद्धालुओं को शाही सवारी में शामिल होने का आमंत्रण दिया। बुधवार को वार्ड क्रमांक 18, जयनगर चौराहा एवं इंदौर नाका क्षेत्र में संपर्क किया गया, जबकि गुरुवार को पुराना बस स्टैंड, एबी रोड, पाडल्या रोड, अनिल पेट्रोल पंप सहित अन्य क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। मंडल के संगठन मंत्री दिनेश सिंह सिसोदिया ने बताया कि शाही सवारी का उद्देश्य समाज में सनातन संस्कृति एवं धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित कर सामाजिक समरसता का संदेश देना है। इस अवसर पर महेश पाटीदार, लक्ष्मीनारायण त्रिकार, समंदर सिंह बेस, मनोहर सोनी, जितेंद्र सोलंकी, कमल पुष्पद, संजय विजयवर्गीय, भूपेंद्र जोशी, गौरव सोनी, गोपाल प्रजापति, दीपचंद विश्वकर्मा, लोकेश सोलंकी, राहुल राज लववंशी, हिमांशु सोलंकी, अखिलेश राठौर, अवधेश सिंह, सहयोग शर्मा सहित बड़ी संख्या में मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

नरसिंहगढ़। आगामी 11 तारीख को नगर में निकलने वाली तिरंगा यात्रा के आयोजन को लेकर गुरुवार को साहू धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। इस दौरान विधायक मोहन शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी की रीति-नीति पर चलकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का कार्य करें। उन्होंने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को पूरी मजबूती और सक्रियता के साथ संपन्न कराने पर जोर दिया। विधायक शर्मा ने कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और संगठन की गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में देवेंद्र सिंह परमार, सतेंद्र सिंह, कैलाश राज, जगदीश नागर, मोहन गुप्ता, भरत झंवर, रमेश मालवीय, शिव वैध सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ऑपरेशन चक्षु 360 की सफलता: 24 घंटे में चोर बाइक के साथ गिरफ्तार

75 सीसीटीवी के फुटेज खंगालकर आरोपी तक पहुंची पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्षु '360' के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की मदद से सारंगपुर पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई करीब 45 हजार रुपये कीमत की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (एमपी 39 जेड जी 9336) भी बरामद कर ली। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के निर्देशन एवं एसडीओपी अरविंद सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी बनवारी उर्फ बबलू पिता बद्रीलाल सेन (31), निवासी जरखी, थाना सुंदरसी, जिला शाजापुर को गिरफ्तार किया। फरियादी धुलजी धनगर निवासी निद्राखेड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 1 अगस्त को उन्होंने अपनी बाइक बीजेपी कार्यालय के सामने खड़ी की थी, जो कुछ देर बाद चोरी हो गई। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने दो विशेष टीमें बनाकर जांच शुरू की और करीब 75 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर आरोपी तक पहुंची। कार्रवाई में उपनिरीक्षक दीपक परमार, राहुल सेंधव, एएसआई जमनाप्रसाद सिसोदिया तथा आरक्षक बनवारी गुर्जर, सत्येंद्र रघुवंशी, शुभम बिरथरे एवं सुनील हनोतिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कपिल शर्मा ने संभाला पदभार तहसील को मिले नए तहसीलदार

सारंगपुर। तहसील में नए स्थायी तहसीलदार के रूप में कपिल शर्मा ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व तहसीलदार आकाश शर्मा के स्थानांतरण के बाद संडावता की प्रभारी तहसीलदार शैलजा मिश्रा अतिरिक्त प्रभार के रूप में सारंगपुर तहसील का कार्यभार संभाल रही थीं। प्रशासनिक आदेश के तहत कलेक्टर राजगढ़ द्वारा कपिल शर्मा की सारंगपुर तहसीलदार के पद पर पदस्थापना की गई। पदभार ग्रहण करने के बाद तहसीलदार कपिल शर्मा ने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर राजस्व कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी सभी प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आपसी समन्वय और पारिवारिक वातावरण में कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। तहसीलदार श्रीशर्मा ने शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का समय-सीमा में पालन करने पर भी जोर दिया। उन्होंने साइबर तहसील के माध्यम से होने वाले कार्यों के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर नामांतरण, बंटवारा एवं अन्य राजस्व प्रकरणों का भी तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

शिक्षकों को दी बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

तहसील के संकुल केंद्र कोड्क्या में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान विषयक प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें संकुल अंतर्गत आने वाली सभी शालाओं के कक्षा 1 एवं 2 का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को मासिक ट्रैकर, वर्कबुक तथा शिक्षक संदर्शिका के प्रभावी उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों में प्रारंभिक भाषा एवं गणितीय दक्षताओं के विकास हेतु आवश्यक शिक्षण गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के प्रारंभ में विगत दिवस संकुल अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पथरी में पदस्थ शिक्षक रामचंद्र बैरागी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित सभी शिक्षकों एवं अधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत शिक्षक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रशिक्षण एवं बैठक में संकुल प्राचार्य राजेश मंडलोई, जनशिक्षक दुर्गाप्रसाद मालवीय, रामनारायण मालवीय, जगन्नाथ मालवीय, संजयसिंह सौंधिया, जगदीशचंद्र दांगी सहित संकुल का समस्त केंद्रीय स्टाफ एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

डायलिसिस सेंटर को आधुनिक बनाने के लिए कई अहम फैसले, मरीजों की सुविधाओं का होगा विस्तार

आयुष्मान सुविधा, पैथोलॉजी लैब और नए भवन के प्रस्ताव पर सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

विदिशा व्यापार महासंघ डायलिसिस ट्रस्ट की प्रथम साधारण सभा की बैठक ट्रस्ट अध्यक्ष राजेश जैन की अध्यक्षता में डायलिसिस सेंटर परिसर में हुई। बैठक का संचालन महामंत्री नरेंद्र सोनी ने किया। बैठक में वर्ष 2025-26 की ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत कर विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से स्वीकृत की गई।

बैठक में डायलिसिस सेंटर को आधुनिक एवं सुविधाजनक बनाने के लिए भवन की रंगाई-पुताई, छत की मरम्मत, नए पलंग, कुर्सियां, अतिरिक्त पंखे तथा बड़े जनरेटर की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। मरीजों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराने राजेश जैन को अधिकृत किया गया। बाहरी क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के ठहरने के लिए कमरे निर्माण का प्रस्ताव भी पारित किया गया। मरीजों को लागत मूल्य पर जांच सुविधा उपलब्ध कराने पैथोलॉजी लैब एवं सोनोग्राफी सेंटर स्थापित करने के लिए नए भवन के निर्माण का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया। आवश्यकता अनुसार असिस्टेंट टेक्निशियन एवं नर्स की नियुक्ति का अधिकार अध्यक्ष एवं महामंत्री को दिया गया। बैठक में सीएसआर के माध्यम से बड़ा जनरेटर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा गया। साथ ही व्यापारियों से अपील की गई कि वे जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ या स्मृति दिवस पर 700 का सहयोग देकर जरूरतमंद मरीजों की मदद करें।

समाजसेवी सुरेश चौहान ने लिया संकल्प

पेंशन से हर वर्ष मुक्तिधाम और गोशाला को देंगे 5-5 हजार रुपए, निर्णय की सराहना की

सारंगपुर। नगर के समाजसेवी सुरेश चौहान ने अपने 64वें जन्मदिवस पर मानव सेवा और गोसेवा के लिए एक प्रेरणादायक संकल्प लिया। उन्होंने घोषणा की कि वे प्रतिवर्ष 5 अगस्त को अपनी पेंशन से मुक्तिधाम सेवा समिति एवं कपिलेश्वर गो सेवा समिति, सारंगपुर को 5-5 हजार रुपए सहयोग राशि प्रदान करेंगे।

सुरेश चौहान, जो राष्ट्रीय काका ऑल इंडिया सेनजी महासंघ ट्रस्ट, नई दिल्ली के सदस्य, मध्यप्रदेश जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब इंदौर जोन के क्षेत्रीय समन्वयक तथा विवेकानंद विचार मंच के संस्थापक सदस्य हैं, पूर्व में भी कई सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे हैं। वर्ष 1980-81 में उन्होंने कपिलेश्वर बांध निर्माण में मजदूरों के साथ श्रमदान किया था। वर्ष 2023 में अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर निर्माण में एक माह तक श्रमदान किया तथा सेवानिवृत्ति के समय अंगदान का संकल्प भी लिया था। उन्होंने अपने दिवंगत छोटे भाई स्व. संतोष चौहान (मोहिनी स्टूडियो) की स्मृति में यह नई पहल की। इस संकल्प की शुरुआत 5 अगस्त 2026 को कपिलेश्वर गौशाला में परमपूज्य महंत परमहंस दास महाराज के सानिध्य में आयोजित सादे समारोह में की गई।

इस अवसर पर उन्होंने मुक्तिधाम सेवा परमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल बारकिया तथा कपिलेश्वर गौशाला समिति के अध्यक्ष पी.एस. मंडलोई को सहयोग राशि के चेक भेंट किए। इस अवसर पर राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद सहित नगर की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सुरेश चौहान के इस प्रेरणादायी निर्णय की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन हरीश सोलंकी ने किया तथा आभार अनिल बारकिया ने व्यक्त किया।